2036 PENANG SANGAM PRIMARY SCHOOL
YEAR 5
HINDI
WORKSHEET – 4

STRAND: सुनना एवं बोलना

SUB STRAND: मूल- पाठ के प्रकार-मीडिया, साधारण संप्रेषण, साहित्यिक विषय

CONTENT LEARNING OUTCOME: जानने व समझने वाला क्रम व उपयुक्त भाषायी संरचनाओं का प्रयोग करते हुए दैनिक मौखिक पाठों को निर्मित करना, सुनना तथा प्रतिक्रिया देना

LESSON NOTES

चींटियाँ

चींटियाँ बहुत ही बुद्धिमान और मेहनती होती हैं। चींटियाँ दो प्रकार कि होती हैं, छोटी और बड़ी। छोटी चींटियाँ लाल या काली होती हैं।कुछ चींटियों की आँखें होती हैं, परन्तु कुछ चींटियाँ बिलकुल अंधी होती हैं। चींटियाँ हमेशा मिल-जुल कर रहती हैं। चींटियों की अपनी बस्तियाँ होती हैं। हर बस्ती की एक रानी होती है। कुछ पंखों वाले नर और नारी चींटियाँ भी होती हैं। कई बस्तियो में सिपाही चींटियाँ भी होती हैं। इन के सिर बड़े होते हैं। वे दुश्मनों से बस्ती की रक्षा करते हैं। बस्ती के ज़्यादा से ज़्यादा चींटियाँ मजदूर चींटियाँ होती हैं। इन का काम दाना इकट्ठा करना तथा बस्ती का निर्माण करना है।रानी चींटियाँ अंडे देने का काम करती है। इन के बच्चे कुछ ही सप्ताह में बड़े होकर काम करने वाली चींटियाँ बन जाते हैं।चींटियों की बस्ती में रास्तेऔर कमरे होती हैं। कई कमरों में बच्चे पलते हैं।बस्ती में गोदाम भी होते हैं। गोदाम में अनाज रखा जाता है।

ACTIVITIES

सही जवाब के बगल वाले अक्षर पर गोलाकार निशान बनाओ।

१. चींटियाँ कैसी होती हैं?
   क. आलसी — ग. मेहनती
   ख. डरावनी — घ.मोटे
२. छोटी चींटियाँ किस रंग की होती हैं?
   क. लाल या पीला — ग. सफ़ेदया काली
   ख. लाल या काली — घ. लाल या सफ़ेद
३. चींटियाँ कहाँ पर रहते हैं?
   क. घर में — ग. बस्ती में
   ख. खेत में — घ. पेड़ पर
४. सिपाही चींटियाँ क्या करते हैं?
   क. बस्ती कि रक्षा — ग. बच्चों का पालन
   ख. भोजन का खोज — घ.दिन भर आराम